दिन–गुरुवार दिनांक– 24 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

विधानमंडल के मानसून सत्र के चौथे दिन भी आज दोनों सदनों में एसआईआर के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन जारी है। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के सदस्यों ने विधानमंडल परिसर में जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारी विधायक विधानसभा के मुख्य द्वार पर बैठ गये। हालांकि एसआईआर पर चर्चा की मांग मान लिये जाने के कारण विधानसभा की कार्यवाही शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आग्रह पर एसआईआर को लेकर अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया। तेजस्वी प्रसाद यादव ने कल की घटनाक्रम पर खेद जताया। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है। श्री यादव ने कहा कि आयोग को किसी व्यक्ति की नागरिकता साबित करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एक भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं कटे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री को भी सदन को आश्वस्त करना चाहिए।

————————————————————————

चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि चुनाव आयोग का कदम संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है। उन्होंने अभियान की समय सीमा पर सवाल उठाया। भाकपा–माले के महबूब आलम ने कहा कि एसआईआर के कारण आम लोगों खास कर प्रवासी मजदूरों को काफी परेशानी हो रही है। सीपीएम के अजय कुमार ने एसआईआर को तत्काल वापस लेने की मांग की। सीपीआई के सूर्यकांत पासवान ने कहा कि एसआईआर लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। एआईएमआईएम के अख्तरूल इमान ने भी एसआईआर को तत्काल वापस लेने की मांग की। इधर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सत्तापक्ष की ओर से बोलते हुए कहा कि राज्य में एसआइआर की सांवैधानिक प्रक्रिया सूचारु रूप से चल रही है। उन्होंने कहा कि अभियान में मतदाताओं का पूरा सहयोग मिल रहा है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री

विजय कुमार चौधरी ने सभी राजनीतिक दलों और मतदाताओं को आश्वस्त किया कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा की ज्योति देवी ने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने की प्रक्रिया है। एसआईआर पर चर्चा के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

———————————————————————

इधर, लोकसभा में आज भी एसआईआर के मुद्दे पर गतिरोध की स्थिति बनी हुयी है। विपक्ष के जोरदार हंगामे के कारण प्रश्नकाल समेत सदन की अन्य कार्यवाही प्रभावित हुई है। नारेबाजी और हंगामे के बीच अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी सरगर्मी तेज हो गयी है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने आज पटना में हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी से मुलाकात की। श्री मांझी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मुलाकात के दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई है।

———————————————————————

मानसूनी सिस्टम के कमजोर पड़ जाने से प्रदेश के अधिकांश भागों में अल्प बर्षा की स्थिति बनी हुयी है। वहीं, वायुमंडल में आद्रता बढ़ जाने से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, बांका, कटिहार, भागलपुर और बक्सर जिले में अनेक स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर आंधी–पानी के साथ ही वज्रपात की भी आशंका है।

———————————————————————

रोहतास के करगहर स्थित शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय में आईडिया फेस्टिवल का आयोजन किया गया। उद्योग विभाग के तत्वावधान में आयोजित फेस्टिवल में जिले के युवाओं ने नवाचार और उद्यमिता को लेकर अपने विचार रखे। इधर, छपरा

के लोक नायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान में आईडिया फेस्टिवल का आयोजन कल किया जाएगा।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया प्रखंड अंतर्गत बगही बसबरिया पंचायत में ग्रामीणों ने जल—जमाव को लेकर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

अरवल के जिलाधिकारी कुमार गौरव ने अभियान बसेरा—टू के तहत जिले के पचास महादलित भूमिहीन परिवारों के बीच तीन से पांच डिसमिल जमीन का पर्चा वितरित किया।

———————————————————————

अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र में भारत—नेपाल सीमा के पास एसएसबी और उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।